रितु बराला मामले में कांग्रेस का धरना जारी, प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की

धरने में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रताप सिंह खाचरियावास और अन्य नेता रातभर कमिश्नरेट परिसर में बैठे रहे

जयपुर। दिल्ली में एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव रितु बराला के साथ कथित मारपीट और अभद्रता के मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर राजस्थान में कांग्रेस और पुलिस के बीच गतिरोध मंगलवार को भी जारी रहा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का जयपुर पुलिस कमिश्नरेट परिसर में धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं,

- **सूत्रों का कहना है कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी डोटासरा को फोन कर जयपुर में एफआईआर दर्ज कराने को कहा था, इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमिश्नरेट पहुंचे**

कमिश्नरेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाया।

सोमवार शाम से शुरू हुए धरने में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और अन्य नेता रातभर कमिश्नरेट परिसर में बैठे रहे। मंगलवार सुबह भी नेताओं ने धरनास्थल पर ही चाय-नाश्ता किया। बाहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड्स और दीवारों पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो धक्का-मुक्की और हल्की झड़प हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता फिर धरने पर बैठ गए।

कमिश्नरेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाया।

प्रशासन ने कमिश्नरेट के दोनों मुख्य द्वारों पर बैरिकेडिंग कर परिसर में आमजन का प्रवेश बंद कर दिया। प्रदर्शन के कारण गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे और एमआई रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ।

वहीं दूसरी ओर रितु बराला सोमवार को कांग्रेस की कानूनी टीम और नेताओं के साथ मोती डूंगरी थाने पहुंची थीं। वहां संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत दी गई। कांग्रेस विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और अन्य नेताओं ने भी शिकायत दर्ज करने की मांग की। इसके बाद उन्हें पुलिस कमिश्नरेट जाने के लिए कहा गया। शाम करीब 6:15 बजे डोटासरा, खाचरियावास, विधायक रफीक खान और जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित प्रतिनिधिमंडल कमिश्नरेट पहुंचा। वहां पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल मौजूद नहीं थे। डोटासरा ने फोन पर उनसे बात कर मामले को व्यक्तिगत मुद्दा नहीं बनाने और जीरो एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिकायत दर्ज होने तक वे कमिश्नरेट से नहीं हटेंगे।

सूत्रों का कहना है कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी डोटासरा को फोन कर जयपुर में एफआईआर दर्ज कराने को कहा था, इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमिश्नरेट पहुंचे।

जयपुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज करने से इनकार करते हुए कहा कि 13 अक्टूबर की घटना के संबंध में रितु बराला ने उसी दिन दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में शिकायत दी थी। पुलिस के अनुसार इस शिकायत पर एफआईआर संख्या 291/2026 दर्ज है और दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऐसे में समान तथ्यों के आधार पर जयपुर में अलग से एफआईआर दर्ज करना विधिसम्मत नहीं माना गया है।

पुलिस ने रितु के इस कथन को भी सही नहीं माना कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण वह दिल्ली में शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। पुलिस के अनुसार, घटना वाले दिन ही दिल्ली पुलिस को शिकायत दे दी गई थी। आगे की कार्रवाई दिल्ली पुलिस की जांच के आधार पर होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी कानून की पालना नहीं कर रहे हैं और राजस्थान की बेटी को न्याय दिलाने की मांग पर कार्रवाई से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी एफआईआर दर्ज करने की बात तो करते हैं, लेकिन न रिपोर्ट दर्ज कर रहे हैं और न ही स्थिति स्पष्ट कर रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस नेता भूखे-प्यासे धरने पर बैठे हैं और रितु को न्याय दिलाने के बाद ही उठेंगे। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज होने तक आंदोलन जारी रखने की बात दोहराई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाया कि रितु बराला की शिकायत पर कार्रवाई की मांग के बावजूद एफआईआर दर्ज करने में परेशानी क्यों हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में शिकायत देने के बावजूद मामले में कार्रवाई नहीं की गई।

झगड़े के बाद महिला की हत्या की आशंका: लिव-इन पार्टनर फरार

- **शादीशुदा होने के बावजूद महिला के साथ रह रहा था युवक**
- **दोनों मिलकर चलाते थे टिफिन सेंटर**
- **एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य**

जयपुर। पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही 35 वर्षीय महिला का शव मंगलवार एक फ्लैट में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को महिला के लिव-इन पार्टनर युवराज पर हत्या करने का शक है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपी की तलाश में टीमें लगाई हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला पर किसी भारी वस्तु से वार कर उसकी हत्या की गई।

थानाधिकारी कविता यादव ने बताया कि मृतका पिछले काफी समय से युवराज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों किराए के फ्लैट में रहते थे और मिलकर टिफिन सेंटर चलाते थे। युवराज शादीशुदा था, इसके बावजूद वह अपनी पत्नी से अलग रहकर महिला के साथ रह रहा था।

पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। पुलिस को आशंका है कि इसी दौरान युवक ने किसी भारी वस्तु से महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी महिला का शव फ्लैट के कमरे में छोड़कर फरार हो गया। हालांकि हत्या के वास्तविक कारणों और घटनाक्रम की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इसी दौरान पड़ोसी फ्लैट पर पहुंचे तो कमरे में महिला का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को युवराज पर महिला की हत्या कर फरार होने का शक है।

माँ दुर्गा के नौवें स्वरूप की पूजा-अर्चना की

जयपुर। सार्वजनिक पूजा उत्सव समिति, मुरलीपुरा, जयपुर में आज महा-नवमी की पूजा कुमारी पूजन के साथ विधि-विधान से सम्पन्न हुई। आज के पावन अवसर पर माँ दुर्गा के नौवें स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। परंपरा अनुसार छोटी कन्याओं का कुमारी के रूप में पूजन कर उन्हें भोग प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ माँ के दर्शन के लिए उमड़ी रही। समिति के सचिव समीर दण्डापाट ने बताया कि हमारा थीम पंडाल ''रोली-मोली'' इस वर्ष जयपुर में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा और हजारों श्रद्धालुओं ने इसके दर्शन किए। उन्होंने बताया कि कल विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला के साथ 5 दिवसीय दुर्गा पूजा का विधिवत समापन किया जाएगा। दण्डापाट ने पूजा को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों, प्रशासन और जयपुर वासियों का आभार व्यक्त किया।

विजयादशमी मनाई

जयपुर। छोटीकाशी के देवी मंदिरों में मंगलवार को महानवमी और विजयादशमी का पूजन हुआ। आमेर शिला माता मंदिर में मंगलवार को विजयादशमी मनाई गई। पुजारी बनवारी लाल शर्मा ने मंदिर में रखे शस्त्रों का पूजन किया। 21 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे नवरात्र उत्थापना होगा। दुर्गापुरा के दुर्गामाता मंदिर, घाटगेट स्थित काली माता मंदिर, झालाना डूंगरी स्थित कालक्या माता मंदिर, राजापार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित चंद्र घंटेश्वरी मंदिर में नवमी पूजन के बाद दशमी तिथि पूजन हुआ।

ठिकाना मंदिर गोविन्द देव जी, के कनक घाटी आमेर रोड स्थित अधीनस्थ मंदिर देवी मनसा माता में नवरात्र महोत्सव के तहत मंगलवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में श्रवण नक्षत्र में महानवमी पूजन हुआ। कन्या पूजन-बटुक पूजन कर उपहार भेंट किए गए। प्रभु श्रीराम और हनुमान जी का भी पूजन किया गया। इसके बाद हवन किया गया। 21 अक्टूबर को धनिष्ठा नक्षत्र में प्रात: 10:47 बजे तक अपराजिता पूजन होगा।

अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों की ऑनलाइन ठगी करने वाले साइबर गिरोह का पर्दाफाश

- **भांकरोटा में फर्जी तकनीकी सहायता कॉल सेंटर पर पुलिस की दबिश, 8 युवक और 2 युवतियां डिटेन**
- **19 मोबाइल, 12 लैपटॉप और अन्य उपकरण बरामद, एक्स-लाइट सॉफ्टवेयर, टीएफएन नंबर और टेलीग्राम के जरिए चल रहा था ठगी का नेटवर्क**

जयपुर। अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले साइबर गिरोह का जयपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। भांकरोटा थाना क्षेत्र में मंगलवार को फर्जी तकनीकी सहायता कॉल सेंटर पर दबिश देकर पुलिस ने 8 युवकों और 2 युवतियों सहित 10 लोगों को डिटेन किया। मौके से 19 मोबाइल फोन, 12 लैपटॉप और बड़ी मात्रा में लैपटॉप से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह के जरिए अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों रुपए की ठगी किए जाने की बात सामने आई है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब गिरोह के संचालकों, नेटवर्क और ठगी की रकम के लेन-देन से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आईफोन में तकनीकी समस्या दूर करने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करते थे। एक्स-लाइट सॉफ्टवेयर और टीएफएन नंबरों के माध्यम से ग्राहकों से बातचीत की जाती थी। तकनीकी सहायता देने का भरोसा दिलाकर उन्हें बातचीत में उलझाया जाता और सहायता के नाम पर शुल्क वसूला जाता था।

पुलिस के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को विश्वास में लेकर उनके बैंक खातों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता था। इसके बाद इस जानकारी का दुरुपयोग कर खातों से रकम निकालने की आशंका है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक गिरोह में शामिल एक युवती कथित तौर पर बैंक अधिकारी बनकर ग्राहकों से बातचीत करती थी। वह उन्हें विश्वास में लेकर बैंक खातों से संबंधित गोपनीय जानकारी हासिल करती थी। इसके बाद यह जानकारी टेलीग्राम समूह में साझा की जाती थी। गिरोह के संचालक इन जानकारियों का दुरुपयोग कर खातों से रकम निकाल लेते थे। पुलिस इस पूरे तरीके और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 19 मोबाइल फोन, 12 लैपटॉप और बड़ी मात्रा में लैपटॉप से जुड़ी सामग्री जब्त की है।

'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान के लिए टीम गठित

- **अभियान के लिए मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा और प्रदेश मंत्री सीताराम को प्रदेश संयोजक बनाया**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान ने 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान के तहत प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया है। इसमें मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल को प्रदेश संयोजक बनाया है। वही प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी पूर्व उप महापौर पुनीत कर्णावट और भवानीशंकर शर्मा को सौंपी गई है। अभियान के तहत सात कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए प्रमोद वशिष्ठ, लक्ष्मीकांत पारिक और योगेश सिंह सिसोदिया को जिम्मेदारी दी गई है। पदयात्रा के लिए नारायण मीणा, एकता अग्रवाल, नीरज जैन और विक्रम सिंह शेखावत को शामिल किया गया है। राष्ट्र चिंतन संवाद के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक गोपाल शर्मा, राखी राठौड़ और अटल खंडेलवाल जिम्मेदारी संभालेंगे। युवा संवाद के लिए आईदान सिंह माटी, शंकर गोरा, कैलाश वर्मा और नरेश ओझा को जिम्मेदारी दी गई है। छात्रों की प्रतिस्पर्धा के लिए अपूर्वा सिंह, श्याम सिंह राजावत और होशियार मीणा को शामिल किया गया है। वहीं 'घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' कार्यक्रम के लिए सुमन शर्मा, श्याम अग्रवाल, अविनाश जोशी और सौम्या गुर्जर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेषांक पत्रिकाओं के लिए राजेंद्र सिंह शेखावत, बीरू सिंह राठौड़ और शिव शंकर शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

चांदपोल के रामचंद्र जी मंदिर में शस्त्र पूजन

जयपुर। विजयादशमी पर मंगलवार को चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर रामचंद्रजी में रियासतकालीन परंपरा के अनुसार आयुध-शस्त्र पूजन किया गया। शाम छह बजे महंत परिवार की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धनुष, बाण, तलवार, खड्ग, कटार, भाला, गदा, बंदूक और फरसा सहित विभिन्न प्राचीन शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में ठाकुरजी का राजसी दरबार सजाया गया। हवाई आतिशबाजी और बधाई उत्सव के बीच श्रद्धालुओं ने विजयादशमी का पर्व मनाया। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि मंदिर में रियासतकाल से ही विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई जा रही है। उनके अनुसार, जयपुर में इस मंदिर में विशेष रूप से आयुध पूजन किया जाता है। प्राचीन शस्त्रों को सुरक्षित रखने के लिए मंदिर में अलग से शस्त्रागार भी बना हुआ है। दशहरे के दिन इन शस्त्रों को बाहर निकालकर विधि-विधान से पूजा जाता है। मंदिर के शस्त्रागार में कई ऐतिहासिक और प्राचीन आयुध सुरक्षित हैं। इनमें करीब 10 किलो वजन और तीन फीट लंबा धनुष विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसे वर्ष 1882 में माजी साहब गुलाब कंवर ने भेंट किया था। इसके अलावा करीब आठ किलो वजन की दोधारी खड्ग और पांच किलो वजन की चांदी की तलवार भी शस्त्रागार की प्रमुख धरोहर हैं। चांदी की तलवार नरेश माधोसिंह ने भेंट की थी। मंदिर में सूर्य चिह्न अंकित काठ की बंदूक भी मौजूद है, जिसे राजा भवानी सिंह ने भेंट किया था। इसके अलावा 10 फीट लंबे भाले, सिंहमुख गदा, लठ और चांदी की परत चढ़े अन्य शस्त्र भी सुरक्षित रखे गए हैं।

निर्माणाधीन मकानों से एसी के कॉपर वायर चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

जयपुर । मुरलीपुरा थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों को निशाना बनाकर एसी के कॉपर वायर चोरी करने के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 8 किलो कॉपर वायर बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

डीसीपी जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि परिवादी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 सितंबर को उनके निर्माणाधीन मकान की साइट से एसी का कॉपर वायर चोरी हो गया। इस संबंध में मुरलीपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया।

- **8 किलो तांबा बरामद, नशे की लत पूरी करने के लिए करता था चोरी**

मुरलीपुरा थाना पुलिस ने वायर चोरी करने के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया।

वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के साथ घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ रात के समय संदिग्ध गतिविधियों की जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान कर विकास स्वामी उर्फ पंखुड़ी (27) निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

दुर्गाबाड़ी में सिंदूर उत्सव मनाया

जयपुर। बनीपार्क स्थित दुर्गाबाड़ी में विजयादशमी के पावन अवसर पर माँ दुर्गा के प्रति अगाध श्रद्धा और पारंपरिक बंगाली संस्कृति के अनुरूप सिंदूर उत्सव पूरी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पारंपरिक उत्सव में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर माँ दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की। उत्सव के दौरान महिलाओं ने सबसे पहले माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उनकी विधिवत पूजा की। इसके बाद भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण नृत्य के माध्यम से महिलाओं ने माँ दुर्गा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। बंगाली परंपरा के इस मुख्य आकर्षण यानी सिंदूर खेला के तहत महिलाओं ने एक-दूसरे के माथे और चेहरे पर सिंदूर लगाया। इस दौरान महिलाओं ने माँ से अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तरोत्तर खुशहाली की कामना की। बंगाली संस्कृति के अनुसार, विजयादशमी के दिन माँ दुर्गा को उनके मायके से ससुराल के लिए विदाई दी जाती है, और यह उत्सव उसी विदाई बेला में सुहागिनों द्वारा माँ के सुखमय वैवाहिक जीवन की मंगलकामना के रूप में मनाया जाता है। सम्पूर्ण दुर्गाबाड़ी परिसर में भक्ति, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास का अनूठा माहौल दिखाई दिया।

'लोक कर्तव्यों का निर्वहन करने वाला लोक सेवक की श्रेणी में'

जयपुर। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने इंटर्नशिप एनओसी के नाम पर रिश्वत लेने से जुडे मामले में आरोपी योगेश कुमार, राजकुमार मीणा और रमेश कुमार को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में लोक कर्तव्यों का वास्तविक निर्वहन करने वाला व्यक्ति लोक सेवक की श्रेणी में आता है, उसका नियोक्ता सरकार हो गया अन्य कोई निजी संस्थान। अदालत ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के नियमों के अनुसार एनओसी जारी करने के एवज में कॉलेज द्वारा कोई शुल्क लिया जाना तय नहीं था।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक रवि ने बताया कि परिवादी रायसिंह गुर्जर ने गत 1 अक्टूबर को एसीबी में रिपोर्ट दी थी। जिसमें कहा गया कि उसकी भतीजी कल्पना गुर्जर किशनगढ़ रेनवाल आयुर्वेद कॉलेज से बीएएमएस की पढ़ाई कर रही है और वह अन्य कॉलेज से इंटर्नशिप करना चाहती है। इंटर्नशिप के लिए एनओसी प्राप्त करने हेतु जब 29 सितंबर को आवेदन किया गया, तो कार्यालय में मौजूद एलडीसी राजकुमार और डिप्टी डायरेक्टर योगेश ने 40 हजार रुपए जमा कराने को कहा। कॉलेज कैशियर रमेश शर्मा ने भी यही बात दोहराई और कहा कि यह राशि नकद ही देनी होगी। शिकायतकर्ता का कहना था कि इंटर्नशिप के लिए एनओसी जारी करने की कोई फीस नहीं लगती है। एसीबी ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए कैशियर रमेश चंद शर्मा को परिवादी से 35,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए दबोचा और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई के दौरान आरोपियों के अधिवक्ता ने कहा कि संस्था एक प्राइवेट कॉलेज है और उसे सरकार से कोई अनुदान नहीं मिलता है। इसके साथ ही आरोपी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत लोकसेवक की परिभाषा में नहीं आते हैं। कॉलेज के संघ विधान पत्र के तहत अन्य कॉलेज से इंटर्नशिप चाहने पर कॉलेज के विकास के लिए 40 हजार रुपए शुल्क लेने का प्रावधान है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

प्रथम चरण का प्रचार थमा, आज रवाना होंगे मतदान दल

22 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तहत जयपुर जिले में प्रथम चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रथम चरण के लिए बुधवार, 21 अक्टूबर को मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगें।

मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के संचालन तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दलों को निर्वाचन सामग्री एवं निर्धारित व्यवस्थाओं के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने मंगलवार को भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर में सभी संबंधित 8 पंचायत समितियों को रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य सभी चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ प्रथम चरण के मतदान व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने वीसी के माध्यम से सभी संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को पंचायती राज चुनाव के प्रथम चरण की निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ चुनावों से संबंधित सभी कार्मिकों को निर्वाचन को राष्ट्रीय महत्व का कार्य मानते हुए पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता, ईमानदारी एवं गंभीरता से संपादित करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने अधिकारियों के साथ प्रथम चरण के मतदान व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

- **निर्वाचन कार्य को राष्ट्रीय महत्व का कार्य मानते हुए पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा, निष्पक्षता एवं गंभीरता से करें संपादित - जिला निर्वाचन अधिकारी**

उन्होंने मतदान के उपरांत ईवीएम का संग्रहण संबंधित पंचायत समिति मुख्यालय पर कर उसे भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर में सुरक्षित पहँचाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए गुरुवार, 22 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। प्रथम चरण में पंच एवं सरपंच पदों के लिए शुक्रवार, 23 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद शनिवार, 24 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

पंचायती राज में भाजपा की जीत से खुलेगी ग्रामीण विकास की राह: मदन राठौड़

- **ग्रामोत्थान से ही राष्ट्रोत्थान का मार्ग होगा प्रशस्त: मदन राठौड़**
- **भाजपा को जीताकर कांग्रेस की कट-कमीशन वाली संस्कृति को करें समाप्त: मदन राठौड़**

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित गांव ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में रहने वाले प्रत्येक परिवार तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचे और ग्रामीण नागरिकों को बेहतर सुविधाओं के लिए शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 का संकल्प ग्राम विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ग्राम के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज में भाजपा के कार्यकर्ताओं का निर्वाचन ना केवल ग्रामीण विकास को गति देगा, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को भी साकार करेगा। इसलिए भाजपा ने ग्राम संकल्प पत्र जारी कर अपनी मंशा और प्रतिबद्धता जाहिर की है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा के लिए गांव, गरीब सदैव महत्वपूर्ण रहे है। अंत्योदय का विचार गांव और गरीब को संबल बनाने की दिशा में काम करता है। ग्रामोत्थान ही राष्ट्रोत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए गांवों में ईमानदार और विचार के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं का चुनाव जीतना जरूरी है ताकि जनता के लिए बन रही कल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन हो सके और कांग्रेस द्वारा विकसित की गई कट-कमीशन की संस्कृति को समाप्त किया जा सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, किसानों की समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ कृषि, पशुपालन, ग्रामीण उद्योग और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो और स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए अवसर सृजित हों। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाना और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की वास्तविक प्रगति तभी सुनिश्चित होगी, जब गांवों का विकास प्राथमिकता के आधार पर होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, सिंचाई, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किसानों, मजदूरों तथा ग्रामीण युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित को केंद्र में रखकर ग्रामीण विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण जनता के सामूहिक प्रयासों से गांव आत्मनिर्भर बनेंगे और राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।